राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से डॉ0 जोगाराम मिले

जयपुर, 26 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरूवार को यहां राजभवन में जयपुर के जिला कलक्टर डॉ0 जोगाराम ने शिष्टाचार मुलाकात की।

राज्यपाल को पोस्टर भेंट

जयपुर, 26 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरूवार को इण्डियन रेडियोलोजिकल इमेजिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने रेडियोलोजी – 2019 का पोस्टर भेंट किया। राज्यपाल श्री मिश्र को एसोसिएशन के सचिव डॉ0 जीवराज ने बताया कि ऐसोसिएशन द्वारा लोगों में जागरूकता लाने के लिए रविवार को एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। इस मौके पर आई आर आई ए राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष डॉ0 कुलदीप मेहंदीरता, सचिव डॉ0 जीवराज सिंह, डॉ0 जफर एम रफीक, डॉ0 मुकेश गुप्ता, डॉ0 जहांगीर खान, डॉ0 नवनीत गुप्ता और डॉ0 पीयूष गोयल सहित राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल मौजूद थे।

राज्यपाल से राजस्थानी फिल्म टर्टल के निर्माता की मुलाकात

जयपुर, 26 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से राजस्थानी फिल्म '' टर्टल '' के निर्माता निदेशक श्री अशोक चौधरी ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र को डॉ0 चौधरी ने बताया कि टर्टल राजस्थानी फिल्म है। इस फिल्म को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ है। राज्यपाल ने राष्ट्रीय पुरस्कारों का अवलोकन किया । राज्यपाल श्री मिश्र ने श्री चौधरी को पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी।

राज्यपाल से आपरेशन सद्भावना के तहत आसाम के बच्चे मिलेगे

जयपुर, 26 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को यहां राजभवन में प्रातः 10.30 बजे आसाम के बच्चे मिलेंगे। आसाम के बच्चों के इस दल को भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सद्भावना के तहत शैक्षणिक भ्रमण कराया जा रहा है।

राज्यपाल नाहरगढ जायेगें

जयपुर, 26 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शुक्रवार को सायः 05.00 बजे नाहरगढ और आमेर किले का अवलोकन करेगें। राज्यपाल श्री मिश्र वहां आयोजित प्रकाश एवं ध्वनि प्रदर्शन को भी देखेगें।

–––000–––

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल